253/C

# कार्यालय प्रधान महालेखाकार ( लेखापरीक्षा–प्रथम ),मध्यप्रदेश
## ऑडिट भवन, झांसी रोड,ग्वालियर–474002

सं./प्रशासन/हिंदी कक्ष/त्रै. बैठक/कार्यवृत्त/ दिनांक: 23.11.2020

**विषयः–राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जुलाई से सितंबर 2020 की त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत्त।**

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा–प्रथम),मध्यप्रदेश, ग्वालियर की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जुलाई से सितंबर 2020 की अवधि की त्रैमासिक बैठक MS Team Software के माध्यम से दिनांक 05 नवंबर 2020 को सांय 04:00 बजे आरंभ हुई। इस बैठक की अध्यक्षता श्री डी. साहू , प्रधान महालेखाकार महोदय ने की तथा बैठक की कार्यवाही का संचालन श्री एस.के.झांजी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी, हिन्दी कक्ष ने किया।

इस अवसर पर संलग्न परिशिष्ट में दर्शाये गये समूह अधिकारीगण, शाखा अधिकारीगण एवं सम्बंधित अधिकारी **MS Team Software** के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थित हुये। बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार प्रस्तुत है।

**1 पिछली तिमाही अप्रैल से जून 2020 की बैठक के कार्यवृत्त का वाचन, उसकी पुष्टि तथा अनुवर्ती कार्यवाही की समीक्षा।**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुये श्री एस.के.झांजी , वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी, हिन्दी कक्ष ने सर्वप्रथम पिछली तिमाही अप्रैल से जून 2020 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक के कार्यवृत्त का वाचन किया जिसकी सर्व सम्मति से पुष्टि की गई। उसके बाद कार्यालय के विभिन्न अनुभागों द्वारा कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्यवाही की समीक्षा की गई।

**2. वर्तमान तिमाही जुलाई से सितंबर 2020 के लिये अनुभागों से प्राप्त प्रगति प्रतिवेदनों की समीक्षा ।**

जुलाई से सितंबर 2020 की तिमाही के दौरान कार्यालय के नियंत्रक–अनुभागों एवं प्रशासन समूह के समस्त अनुभागों से प्राप्त हिन्दी–पत्राचार के प्रतिशत एवं राजभाषा कार्यान्वयन के अन्य बिन्दुओं के सम्बंध में अनुभाग संगत समीक्षा की गई, जिसका विवरण निम्नानुसार है–

**3. भेजे गए पत्रों की स्थिति हिंदी में किया गया पत्राचार का प्रतिशत–**

| क्र. | नियंत्रक अनुभाग का नाम | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशासन 11 | 98.04 | 98.84 |
| 2 | प्रशासन 12 | 96.83 | 99.32 |
| 3 | प्रशासन 13 | 100 | 100 |
| 4 | प्रशासन 14 | 100 | 100 |
| 5 | सामान्य अनुभाग | 100 | 100 |
| 6 | कार्यपालन शाखा | 100 | 100 |
| 7 | आई.एस एण्ड डी.ए.सी | 100 | 98.11 |
| 8 | गोपनीय कक्ष | 100 | 100 |
| 9 | आंतरिक लेखापरीक्षा | 100 | 100 |
| 10 | हिंदी कार्यान्वयन कक्ष | 100 | 100 |
| 11 | ए.एम.जी–2 (मुख्यालय) | 93.75 | 95.89 |
| 12 | ए.एम.जी–3 (मुख्यालय) | 100 | 100 |
| 13 | फास विविध | 100 | 100 |
| 14 | कल्याण शाखा | 100 | 100 |
| 15 | पी.ए. | 100 | 92.65 |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | रिपोर्ट (सिविल) | 96.67 | 96.30 |
| 17 | रिपोर्ट (पी.ए.सी) | 100 | 100 |
| 18 | ए.एम.जी–1 (मुख्यालय) | 100 | 100 |
| 19 | विधि कक्ष | 96.67 | 97.22 |
| 20 | रिपोर्ट (राज्य वित्त) | 90.24 | 100 |
| 21 | केन्द्रीय समन्वयन | 100 | 100 |
| 22 | ए.एम.जी–5 (मुख्यालय) | 100 | 100 |
| 23 | फिनाट | 96 | 93.50 |
| 24 | ओ.ए.डी. (वाणिज्य) | 62 | 48.75 |

नोटः– प्रशासन 11, प्रशासन 12, आई.एस एण्ड डी.ए.सी, ए.एम.जी–2(मुख्यालय), रिपोर्ट (सिविल), पी.ए, विधि कक्ष तथा फिनाट अधिकाधिक कार्य हिंदी में कर रहे हैं परन्तु निर्धारित लक्ष्य 100 प्रतिशत से कम पर कार्य कर रहे है। किंतु ओएडी वाणिज्य का प्रतिशत निर्धारित लक्ष्य से बहुत कम है।

**पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि का विवरण–**

| अनुभाग | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत | प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|
| प्रशासन 11 | 98.04 | 98.84 | 0.80 |
| प्रशासन 12 | 96.83 | 99.32 | 2.49 |
| ओ.ए.डी (एम) | 93.75 | 95.89 | 2.14 |
| विधि कक्ष | 96.67 | 97.22 | 0.55 |
| रिपोर्ट रा.वि | 90.24 | 100 | 9.76 |

**पिछली तिमाही की तुलना में कमी का विवरण–**

| अनुभाग | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत | प्रतिशत कमी |
|---|---|---|---|
| आई.एस एण्ड डीएसी | 100 | 98.11 | 1.89 |
| पी.ए | 100 | 92.65 | 7.35 |
| रिपोर्ट सिविल | 96.67 | 96.30 | 0.37 |
| फिनाट | 96 | 93.50 | 2.50 |
| ओएडी वाणिज्य | 62 | 48.75 | 13.25 |

**कार्यालय से भेजे गए कुल पत्रों का प्रतिशत–**

| हिंदी | अंग्रेजी | कुल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 3641 | 126 | 3767 | 96.66 |

**पूर्व तिमाही का प्रतिशत : 97.67**
**वर्तमान तिमाही का प्रतिशत : 96.66**
**इस तिमाही में कमी का प्रतिशत : 1.01**

**4. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन–**

इस तिमाही में धारा 3(3) के अंतर्गत निम्न लिखित अनुभागों से कुल 356 कागजात जारी किए गए जो सामान्य अनुदेश प्रकृति के थे। इनमें से कोई भी कागजात केवल अंग्रेजी में जारी नहीं किया गया। अतः कार्यालय द्वारा धारा 3(3) का पूर्णतः पालन किया गया ।

Scanned with CamScanner

251/C

**5. हिंदी में प्राप्त पत्रों की स्थिति (नियम 5 का अनुपालन)—**

इस तिमाही में कुल 5394 पत्र हिंदी में प्राप्त हुए। इनमें से कुल 2352 पत्रों के उत्तर हिंदी मे दिए गए एवं 02 पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में दिए गए तथा 108 पत्र निराकरण के लिए शेष थे। बाकी बचे पत्र नस्ती किए गए। इस तरह नियम 5 का पूर्णतः पालन नहीं किया गया।

**6. फाइलों पर हिंदी में कार्य—**

(क). तिमाही के दौरान लिखी गई टिप्पणियों की संख्या — 3240
(ख). हिंदी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या — 3170
(ग). अंग्रेजी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या — 70

**अध्यक्ष महोदय का उद्‌बोधनः—** अध्यक्ष महोदय ने निम्नलिखित निर्देश दिये ।

1. जिन अनुभागों द्वारा हिन्दी मे निर्धारित लक्ष्य 100 % प्राप्त नही किया है वे निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें ।
2. समूह अधिकारीगण,शाखा अधिकारीगण एवं सम्बंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रयास करें तथा अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों को भी लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित करें
3. जिन अनुभागों ने हिन्दी में शतप्रतिशत कार्य किया है, वे बधाई के पात्र हैं।

बैठक के अन्त में श्री एस के झांजी , वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी, हिन्दी कक्ष ने सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही सम्पन्न घोषित की गई ।

संजीव
23/11/20

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
हिन्दी कार्यान्वयन कक्ष

Scanned with CamScanner

2591/C

# कार्यवृत्त – परिशिष्ट

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 05.11.2020 को सम्पन्न बैठक में MS Team Software पर उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों की सूची–

| क. | सर्व श्री/सुश्री/श्रीमती | पदनाम | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | डी. साहू | प्रधान महालेखाकार | – |
| 2 | जितेन्द्र तिवारी | उप महालेखाकार | प्रशासन/ए.एम.जी – 5 |
| 3 | मो. सुहेल फजल | उप महालेखाकार | ए.एम.जी – 1 |
| 4 | मोना जैन | उप महालेखाकार | ए.एम.जी – 3 |
| 5 | मनोज कुमार सिंह श्योरान | सचिव, प्रधान महालेखाकार | सचिवालय, प्रधान महालेखाकार |
| 6 | एस के झांजी | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | प्रशासन 13,14, हिंदी कक्ष, कैश |
| 7 | दीपलता प्रसन्नन् | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | प्रशासन– 11,12 |
| 8 | रश्मि मिश्रा | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी –2(मुख्यालय) |
| 9 | सुमिनि शाजी | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | विधि कक्ष |
| 10 | मंजुला आर. कृष्नन् | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी –5(मुख्यालय) |
| 11 | अतुल सुर्वे | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | आई एस एण्ड डी ए सी |
| 12 | जितेन्द्र कुमार बंसल | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | पी.ए |
| 13 | ए.यू. सिद्दकी | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | फिनाट |
| 14 | राजेश कुमार तिवारी | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | रिपोर्ट सिविल |
| 15 | पी.के श्रीवास्तव | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | विधि कक्ष |
| 16 | अमित कुमार मिश्रा | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | आई एस एण्ड डी ए सी |
| 17 | राम मणि तिवारी | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | रिपोर्ट सिविल |
| 18 | स्वर्णलता गुप्ता | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | हिंदी कक्ष |
| 19 | कपिल कांत पाराशर | वरिष्ठ लेखापरीक्षक | हिंदी कक्ष |

संजीव 23/11/20

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
हिन्दी कार्यान्वयन कक्ष

Scanned with CamScanner